तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार, 19 जून 2024




13 आदिवासी परंपरा समृद्ध और जड़ से जुड़ा है जल...



14 लक्ष्य निर्धारित कर बाधाओं से लड़ने पर मिलती है ...








# पेड़ की छांव व मंच में फिर लगेंगी कक्षाएं, ठेकेदार ने अधूरा काम करके छोड़ दिया

## 2 सौ किमी दूर ठेकेदार ने लिया काम, कौन पूरा करेगा जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत विशेष कर हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों को लगभग 20 से 30 लाख तक का काम दिया गया है। किंतु ठेकेदारों द्वारा काम लेकर अधूरा छोड़कर चले जाना आम बात हो गई है और इसका नुकसान स्कूल के बच्चों और पालकों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं स्कूल खुलने के समय पर काम अधूरा पड़ा है और यह कब तक पूरा होगा और कौन-कौन पूरा करेगा, इसके जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है। एक ठेकेदार द्वारा कई कार्य लिया गया है एवं यहां से लगभग 150 से 200 किलोमीटर दूर ठेकेदार यहां का काम लिए है जो कुछ काम प्रारंभ करके छोड़ कर चले जाते हैं और काम अधूरा रह जाता है जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता है, लगभग स्कूलों में यही स्थिति है काम अधूरा पड़ा है अब 26 जून को स्कूल खोलने पर बच्चों को फिर पेड़ की छांव, अतिरिक्त कक्ष भवन, रंगमंच एवं खुले मैदान में कक्षाएं लगाना पड़ेगा। और अगर पानी गिर गया तो फिर छुट्टी देने पड़ेगी।



### स्कूल की छत तोड़ी, 6 माह से अधूरा

शासन की मनसा है की बच्चों को एक साफ सुथरा और अच्छे भवन दे, किंतु स्थानीय अधिकारियों ठेकेदार द्वारा उनकी भावनाओं का अनुरूप कार्य होते नहीं दिख रहे हैं। हायर सेकेंडरी स्कूल भवन खड़मा का कार्य लगभग 6 महीने से अधूरा है, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अवध राम साहू एवं उप सरपंच तिलेन्द्र साहू ने बताया कि ठेकेदार ने हाई स्कूल का पूरा छत निकाल दिया है और यहां लगभग 6 महीने से अधूरा पड़ा है और अब तक अधूरा है अब स्कूल खुलने वाला है अब यह समस्या रहेगी की बच्चों को कहां बिठाएंगे? उन्होंने शासन से मांग की है कि तत्काल ऐसे ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए जो ठेका लेकर अधूरा छोड़ देते हैं, उन्होंने आगे कहा कि हाई स्कूल खड़मा इस क्षेत्र का बड़ा स्कूल होने के कारण यहां लगभग 300 से 400 बच्चे अध्यनरत है और 9वीं से 12 वीं तक चारों कक्षाओं का संचालन होता है इसके अलावा स्टाफ रूम, प्रयोगशाला, ग्रंथालय सहित अन्य कार्यों के लिए भवन की आवश्यकता होती है किंतु यह कार्य अधूरा होने से लोगों के लिए परेशानी का सब बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके लिए ग्रामीण जल्द ही कलेक्टर से मिलकर स्कूल के छत मरम्मत करवाने की मांग करेंगे।

### रिटेंडर किया जाएगा

ठेकेदार ने अधूरा काम करके छोड़ दिया है, इसकी जानकारी उच्च कार्यालय को दिया जा चुका है। अगर कार्य पूरा प्रारंभ नहीं हुआ तो रिटेंडर किया जाएगा।

-पीयूष वर्मा, इंजीनियर

## खबर संक्षेप



### एकादशी के साथ धान बुवाई की शुरूआत

**नवापारा-राजिम।** भीमसेनी एकादशी के साथ ही किसानों ने अपने खेतों की पूर्व से जुताई करने के बाद धान की बुवाई कार्य प्रारंभ कर दिया हैं। हालांकि मौसम विभाग के पूवार्नुमान के विपरीत मानसून की देरी और विकराल गर्मी के बावजूद बगैर बारिश के किसान जुट गए हैं। जौन्दी के किसान टीकम चन्द साहू ने बताया कि बीच में नवतपा के पहले और पंचक के समय कुछ अच्छी बारिश हो गई थी जिससे हमने अपने खेतों की अच्छी जुताई करवा लिए थे और अब धान की खुर्रा बुवाई भीमसेनी एकादशी के साथ शुरू कर दिए। बारिश होने पर धान जगने लगेगा। मालूम हो कि जिन किसानों के पास ट्यूब वेल है वे थरहा डाल रहे हैं।

### टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। मामला 7 जून का है। इलाज कराकर आने के बाद मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थी बसंत बेहरा पिता मोहन बेहरा (28 साल) निवासी डूमरपाली ने बताया कि उसके ससुर ब्रह्मानंद तांडी की बाइक सीजी 06 जेडएफ 2482 को आरोपी बाइक क्र सीजी 06 जीजे 9468 के चालक अजय चौधरी ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मार दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## कांग्रेस का धरना प्रदर्शन : पूर्व रास संसाद ने कहा- प्रशासनिक अमला इसे रोकने में रहा नाकाम

# बलौदाबाजार की घटना सतनामी समाज को बदनाम करने के लिए भाजपा की साजिश






एक समुदाय विशेष के लोगों को किया जा रहा टारगेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बलौदाबाजार में 10 जून को एसपी व कलेक्टर कार्यालय के साथ-साथ कई मकानों में आगजनी व वाहनों में तोडफ़ोड़ की घटना को लेकर कांग्रेस ने प्रदेशव्यापी धरना शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में मंगलवार को गरियाबंद जिला मुख्यालय में पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा के नेतृत्व में नगर के गांधी मैदान में एक दिवसीय धरना देकर इस पूरे मामले में विष्णुदेव साय सरकार की नाकामी व घटना के पीछे सतनामी समाज को बदनाम करने के लिये भाजपा की साजिश बताते हुए पूरी घटना की जांच की मांग को लेकर कई सवाल उठाये। बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में हुई आगजनी व तोडफ़ोड़ की घटना के बाद कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाते हुए साय सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कई सवाल उठाये हैं। इस संबंध में पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा ने कहा है कि इतनी बड़ी घटना के पीछे कोई न कोई बड़ी साजिश है और प्रशासनिक अमला इसे रोकने में नाकाम रहा। साथ ही साथ इस पूरे मामले में एक समुदाय विशेष के लोगों को टारगेट किया जा रहा है, जबकि वहां पर बिना जांच के निर्दोष लोगों को जेल भी भेजा गया है और ऐसे मामलों में साय सरकार पर सवाल उठना लाजमी है।

**धर्मांतरण को लेकर बस्तर को जलाया जा रहा-** धरना प्रदर्शन को जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकारों और प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार के ऊपर कई गंभीर सवाल खड़े किये संजय नेताम ने कहा जहां भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है आज वह प्रदेश जल रहा है फिर हम बात करें मणीपुर की या फिर हरियाणा की और बात करें। दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में इन राज्यों में आग फैलाने आग लगाने का ही कार्य किया है। 6 महीने की प्रदेश में भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ को भी आग के हवाले कर दिया है, बस्तर में धर्मांतरण को लेकर के बस्तर को जलाया जा रहा है। बस्तर में फिर से नक्सलवाद अपने चरम पर पहुंच गया है। कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में राज्य सभा सांसद छाया वर्मा, बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसींग साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, युगल पांडे, डॉक्टर आनंद मतावले, संदीप सरकार, प्रेम सोनवानी, मनीष ध्रुव, चंद्रहास साहू, ओम प्रकाश बंछोर, अनिल चंद्राकर, गेंदू यादव, डील्लू देवांगन एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलिस घर में घुसकर लोगों को मार रही

विधायक बिंद्रा नवागढ़ जनक ध्रुव ने प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन को लेकर यह कहा कि बलौदा बाजार मामले में पुलिस ने जिन तीन मजदूरों को पकड़ा है वह भारतीय जनता पार्टी के ठेकेदार के लोग हैं। इसके साथ यह कहा कि बलौदा बाजार घटना के बाद पुलिस घर में घुस -घुस कर लोगों को मार रही है। इसके साथ ही जनक ध्रुव ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर झूठे आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि बलौदा बाजार की घटना में कलेक्टर और एसपी शामिल रहे हैं। जनक ध्रुव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार मामले में निर्दोष लोगों को परेशान करने और फसाने का काम कर रही है। जनक ध्रुव ने यह कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि इस घटना में जो सही में दोषी है उनके खिलाफ कार्रवाई हो इसके साथ ही जनक ध्रुव ने बलौदा बाजार हिंसा को लेकर यह कहा कि दंगा फैलाने की कोशिश सरकार ने ही की है।

### बेगुनाह लोगों को जेल में डाला

उनका कहना था कि एक सोची समझी रणनीति के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया था। उन्होंने इस बात को माना कि सतनामी समाज के कुछ नेता सहित अन्य कई कांग्रेसी नेता वहां थे, लेकिन भाजपा के लोग भी इसमें बड़ी भूमिका निभाये हैं, इसलिये इस हिंसक घटना की जांच की मांग को लेकर वे धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। श्रीमति वर्मा ने आगे कहा कि सरकार ने बेगुनाह लोगों को जेल डाल दिए जबकि वास्तविक दोषी आज भी बाहर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं सरकार से मांग करती हूं की सतनमी समाज के निर्दोष लोगों की रिहाई करे और वास्तविक दोषी को जेल में बंद करे।

## रीपा औद्योगिक पार्क में लगे सबमर्सिबल पंप की हुई चोरी



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलोमीटर दूर ग्राम भाठीगढ स्थित महात्मा गांधी रूरल इंडूरिरयल पार्क रीपा में टयुबलवेल खनन कर मोटर पम्प लगाया गया था लेकिन अज्ञात चोरों के द्वारा मोटर पंप की चोरी कर लेने से यहां पार्क में चल रहे कार्य प्रभावित हो रहे है जिसकी शिकायत मैनपुर थाना में पहुंचकर किया गया है, मिली जानकारी के अनुसार रीपा पार्क भाठीगढ में दूसरी बार मोटर पंप की चोरी हुई है। जिसके कारण यहां कार्य करने वाले स्वः सहायता समूह की महिलाओं को पानी के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्वः सहायता समूह द्वारा भाठीगढ रीपा में अनेक प्रकार के खाद्यन सामग्री का उत्पादन किया जाता है लेकिन मोटर पंप वायर सबमर्शीबल चोरी हो जाने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यहां कार्य करने वाले स्वः सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि दो बार मोटर पंप की चोरी हो चुकी है।

# मृतक के परिजन को दी गई आर्थिक मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

समीपस्त ग्राम रजनकटा में विगत दिनों ग्राम निवासी लक्ष्मण निषाद के सुपुत्र रुद्र कुमार निषाद (5 वर्ष) का पानी मे डूब जाने से दिनांक 15 जून को निधन हो गया। जिनके सहयोग के लिए श्रद्धांजलि स्वरुप समस्त ग्राम वासियों द्वारा दान रूपी चंदा इकट्ठा कर कुल 9 हजार 700 सौ रूपये सहयोग राशि उसके परिवार वालों को दिया गया। रजनकटा के ग्रामवासियों द्वारा बहुत लम्बे समय से एक अच्छी पहल है जो की किसी गरीब व असहाय व्यक्ति या उसके परिवार को ऐसी विषम परिस्थिति में समस्त ग्रामवासियों के द्वारा चंदा इकट्ठा कर ग्राम के कुछ गणमान्य नागरिक शोकाकुल परिवार के घर जाकर सहयोग राशि प्रदान किया जाता है। ऐसे ग्रामीणों के द्वारा विशेष सेवा भाव ग्रामीणों में देखा जा रहा है। जो अच्छी पहल ▶▶|शेष पेज 12 पर

## गंगा आरती...



**राजिम।** गंगा दशहरा के अवसर पर महानदी लक्ष्मण झूला के पास गंगा मैय्या की आरती पंडित संतोष शर्मा एवं श्री राम शर्मा ने मंत्रोच्चार एवं विधि विधान के साथ गंगा आरती कराया गया। आरती में प्रमुख रूप से नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष रेखा सोनकर के प्रतिनिधि जितेंद्र राजू सोनकर, साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू सहित अनेकों धर्मप्रेमी श्रद्धालुजन शामिल हुए।

# कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति मे मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जनचौपाल आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनचौपाल मे आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। कलेक्टर अग्रवाल ने आज जनचौपाल में 53 लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों को बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज के जनचौपाल में ग्राम पंचायत ग्राम अरंड के मनोज कुमार ने खाता विभाजन कराने, ग्राम रानीपरतेवा के समस्त गा्रमवासियों ने आंगनबाड़ी केन्द्र के पास लगे एयरटेल टॉवर विद्युत ट्रांसफार्मर को अन्य स्थान पर स्थापित कराने, ग्राम धवलपुरडीह के श्रवण कुमार कश्यप ने वनोपज व्यापार हेतु ऋण दिलाने, ग्राम धवलपुर के दिलीप कुमार कश्यप ने जमीन का पट्टा प्रदान करने, ग्राम धुरसा के भूखनलाल साहू ने बी -1 खसरा पर नाम त्रुटि सुधार कराने, ग्राम परसदाजोशी की रामकुवंर ने जमीन का पट्टा प्रदान करने, ग्राम रसेला की भूपेश्वरी भुंजिया ने प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास में भर्ती करने, ग्राम पंचायत सुरसाबांधा के वार्ड न. -03 के वार्डवासियों ने शौचालय निर्माण एवं आयुष्मान हॉस्पिटल का बाउंड्रीवाल ▶▶|शेष पेज 12 पर




### जन चौपाल में मिले 53 आवेदन

## कृषि विज्ञान केंद्र में संपन्न हुआ वर्चुवल कार्यक्रम

# 96 हजार किसानों के खातों में 19.86 करोड़ हस्तांतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- विधायक साहू ने किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का प्रमाण पत्र सौंपा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2018 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की गई थी। इस योजना के तहत किसानों को हर चार महीने में 2 हजार रुपए की तीन किस्तों में सालाना 6 हजार रुपए मिलते हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के कार्यक्रम में शामिल होकर देश के 9.26 करोड़ किसानों के खातों में 17वीं किस्त 20 हजार करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से जारी किया गया, जिसमें गरियाबंद जिले के 96 हजार 796 किसानों के खातों में 19 करोड़ 86 लाख रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से जारी किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सीधे लाभार्थियों के साथ बातचीत करते हुए उनका हाल चाल पूछा। उन्होंने कहा कि अपने किसान भाई-बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। काशी की पवित्र भूमि से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है। इस कार्यक्रम का दूरदर्शन के माध्यम से अपने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय चैनलों पर सीधा प्रसारण किया गया। गरियाबंद में जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विभाग के किसान सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए ▶▶|शेष पेज 12 पर







पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### छग राज्य सड़क परिवहन निगम के तत्काल गठन की मांग

**रायपुर।** लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरगुन मेघवानी ने छत्तीसगढ़ राज्य सड़क परिवहन निगम का तत्काल गठन करने की मांग सरकार से की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मेघवानी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य परिवहन का गठन न होने से गरीबों और आम जनता को अत्यधिक तकलीफ का सामना करना पड़ता है। प्राइवेट वाहन मनमाने ढंग से अपनी गाड़ियों का संचालन करते हैं, आए दिन सड़क पर प्रतिस्पर्धा के चलते खून-खराबा पिछले 20 साल से देखा जा रहा है। ऐसी स्थिति में तत्काल छत्तीसगढ़ राज्य सड़क परिवहन निगम का गठन सरकार करे, ताकि सड़क पर वाहनों की एकरूपता प्रदेश व अन्य प्रदेशों में देखी जा सके, जो पूर्व में थी। उन्होंने कहा कि छग में पिछले 20 सालों से स्थापित सरकारों द्वारा छग राज्य सड़क परिवहन निगम की अनदेखी की जा रही है। परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य सरकारों की अतिआवश्यक सेवा में आते हैं और छत्तीसगढ़ में ये तीनों व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं।

### महेश फिर बने गुप्ता समाज के अध्यक्ष



**रायपुर।** श्री कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई, भुंजवा, भुजी, गुप्ता समाज कल्याण रायपुर समिति द्वारा रविवार को आमसभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गोल चौक स्थित श्री राधा निकुंज रोहिणीपुरम में किया गया, जिसमें नवगठित पदाधिकारी का स्वागत किया गया। आयोजन समिति के संस्थापक पूरनलाल गुप्ता ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में प्रमुख सलाहकार एवं उपाध्यक्ष मनीष कश्यप, सचिव विजय गुप्ता, सहसचिव अनिल कश्यप, रवि चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, नितेश गुप्ता, प्रचार-प्रसार मंत्री सुनील गुप्ता, महेश कश्यप, हरि कश्यप, मीडिया प्रभारी अशोक गुप्ता, विधि सलाहकार आकाश गुप्ता एवं कार्यकारिणी सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान किया।

### गुरु टेऊंराम महाराज के चालीसा पाठ में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल



**रायपुर।** शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में मंडलाचार्य गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज का 138वां जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। 1 जून से 11 जुलाई तक पूरे 40 दिन तक चलने वाले चालीसा महोत्सव में इस बार कानपुर से संत भोलाराम महाराज आए हुए हैं। इस संबंध में आश्रम के सेवादारों ने बताया कि प्रेमप्रकाश आश्रम द्वारा घर-घर चालीसा महोत्सव में प्रतिदिन पालकी निकालकर टेऊंराम महाराज का चालीसा पाठ और भजन-संध्या का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज द्वारा रात्रि में भजन-संध्या के आयोजन से शुरू हुई, जो अभी भी पूरे भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका, जापान, कनाडा और भी कई अन्य देशों में भी होती है। प्रेमप्रकाश आश्रम का प्रमुख आश्रम जयपुर शहर राजस्थान में है, वहां भी प्रतिदिन नियमित रूप से चालीसा का पाठ किया जाता है।

# मंडियों में पहुंच रहीं स्टोरेज सब्जियां, क्वालिटी सही नहीं, दाम भी ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर की थोक मंडियों में इन दिनों दूसरे राज्यों से ज्यादातर सब्जियां पहुंच रही हैं। इनमें स्टोरेज की गई सब्जियां होने के कारण इसकी क्वालिटी भी सही नहीं है। टमाटर के भाव चिल्हर में 60 से 80 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। 60 रुपए किलो मिल रहे टमाटर की क्वालिटी भी अच्छी नहीं आ रही है।

कई दिनों बाद स्टोरेज से बाहर निकाले जाने के कारण टमाटर कुछ पीले और दाग लगे आ रहे हैं, जिसके कारण इनका स्वाद भी बदला हुआ लग रहा है। आमतौर पर हर सब्जी में टमाटर का उपयोग किया जाता है, इसलिए मजबूरी में लोगों को न चाहते हुए भी ज्यादा दाम देकर निम्न क्वालिटी के टमाटर खरीदने पड़ रहे हैं। टमाटर के अलावा बैंगन, पत्तागोभी, फूलगोभी, शिमला मिर्च, बरबट्टी, भिंडी सहित ऐसी कई सब्जियां हैं, जिसकी क्वालिटी अभी सही नहीं आ रही है, जबकि इनके भाव आसमान पर है।

### ट्रकों में भरकर आती हैं इसलिए भी हो रहीं खराब

इधर थोक सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि स्टोरेज के साथ सब्जियां ट्रक में कैरेट या बोरे में भरकर आती हैं। इसके कारण सब्जियां दब जाती हैं, जिससे इनकी क्वालिटी में फर्क दिखाई देता है। उनका कहना है कि बारिश के दिनों में क्वालिटी में और गिरावट आ सकती है। बारिश का पानी पड़ने के कारण सब्जियां जल्दी सड़ने लगती हैं। इस कारण बारिश के सीजन में सब्जियों को ज्यादा समय तक स्टोरेज कर रखा नहीं जा सकता।



### 20-30 रुपए किलो की सब्जियां 60 से 80 रुपए तक

माहभर पहले 20 रुपए प्रति किलो बिकने वाली सब्जी पत्तागोभी, लौकी, भाटा की कीमत अब बढ़कर 50-60 रुपए किलो तक पहुंच गई है। इसके अलावा कुंदरू, करेला, शिमला मिर्च, बरबट्टी आदि सब्जियां भी 30-40 से बढ़कर 80 रुपए किलो तक हो गई हैं। इसके अलावा अन्य सब्जियों के भाव भी बढ़े हुए हैं।

## स्वागत : केंद्रीय मंत्री तोखन साहू का सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

# रतनपुर के महामाया व राजीव लोचन मंदिर को प्रसाद योजना में शामिल करने का होगा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

केंद्रीय आवास एवं शहरीय विकास राज्य मंत्री तोखन साहू मंगलवार को दोपहर 12 बजे धर्म नगरी राजिम पहुंचे। यहां पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में साहू समाज और भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मंत्री जी का काफिला जैसे ही चौक में पहुंचे वैसे ही एटम बम के धमाको और लड़ियों से गूंज उठा। रावत नाचा के साथ मंत्री का काफिला पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से पैदल ही भगवान राजीव लोचन एवं राजिम भक्तिन माता के दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचे। मंदिर के प्रवेश द्वार में साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे फटाके के साथ उनका शानदार स्वागत किया। पंडित संतोष शर्मा एवं ठाकुर महेंद्र सिंह के मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री राजीव लोचन का दर्शन और पूजा कर छत्तीसगढ़ प्रदेश के खुशहाली सुख समृद्धि के लिए उन्होने कामना किया। तत्पश्चात साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा राजिम भक्तिन माता मंदिर में आयोजित महाआरती कार्यक्रम में शामिल हुए। मंदिर परिसर के पास ही केंद्रीय मंत्री श्री साहू का स्वागत अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से केंद्रीय मंत्री तोखन साहू का स्वागत और सम्मान विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद द्वय चुन्नीलाल साहू, चंदूलाल साहू, प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, महिला नेत्री तुलसी साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ,युवा नेता दुलीकेशन साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर ने गुलदस्ता भेंट कर श्री साहू का स्वागत किया।



### भूपेश बघेल शांत वातावरण को दुषित करना चाह रहेः तोखन

बलौदाबाजार की घटना को लेकर राजिम मुख्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने पाटन विधायक पूर्व सीएम भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी का नाम लेकर कहा कि वे बुरी तरह से हार के बौखलाहट के कारण छत्तीसगढ़ के शांत वातावरण को दुषित करने दंगा फसाद करा रहे है। वे पाटन के नेता बनकर रह गए है। ये अब प्रदेश के नेता नही है। भूपेश बघेल के भ्रष्टाचार में डुबी सरकार को जनता ने उखाड़ फेंका।

### ये रहे शामिल

पंडित सुंदर लाल शर्मा चौक में स्वागत करने वालो में प्रमुख रूप से विधायक रोहित साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर,राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, महेश यादव, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, किसान मोर्चा के अध्यक्ष मनीष हरित, राजू साहू,किशोर साहू,लोकनाथ साहू, रितेश यादव, टुमेश साहू ,नवीन देवांगन,नेपाल साहू,ढुलीकिशन साहू, राधेश्याम साहू, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,नगर पंचायत सभापति पुष्पा गोस्वामी, मधु नत्थानी,ख़ुशी साहू, किसान नेता चंद्रिका साहू, डॉ दिलीप साहू, भागचंद बनर्जी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, साहू समाज के लोग व शहरवासी शामिल थे। खास बात यह रही कि साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के द्वारा समाज के गौरव केंद्रीय मंत्री का स्वागत सर्व समाज के लोगों के साथ मिलकर किया एवं सामाजिक समरसता का बहुत बढ़िया संदेश दिया।

### राजिम माता कारीडोर निर्माण की मांग

समाज की ओर से श्री राजीव लोचन मंदिर परिसर को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रसाद योजना में शामिल किए जाने एवं राजिम नगर के सर्वांगीण विकास के लिए राजिम माता कारीडोर निर्माण की मांग की। मंच पर श्री साहू को समाज की ओर से राजिम भक्तिन माता का तेल चित्र भेंट कर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश साहू संघ के कुलदीप साहू,महासमुंद जिला साहू संघ के अध्यक्ष धर्मदास साहू, पिथौरा तहसील के अध्यक्ष मनोहर साहू, समिति के संरक्षक रतिराम साहू, बोधन साहू, मेघनाथ साहू, डॉ रामकुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नोहर साहू, उमा साहू, रामकुमार साहू, श्याम साहू, राजू साहू, विष्णु साहू, राजू साहू, ओंकार साहू, किशोर साहू, ममता साहू, हेमा साहू, देवकी साहू, तहसील साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामजी साहू, कमलेश साहू, ललित साहू, प्रवीण साहू, नगर अध्यक्ष भवानीशंकर साहू, ललित साहू, पुरुषोत्तम साहू, रामाधार साहू, डॉ ओमप्रकाश साहू, डॉ दिलीप साहू, राजेश साहू मौजूद थे।

## खाद्य घोटाले में संलिप्त अफसरों पर गिर सकती है गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य घोटाले को लेकर विधानसभा की जांच समिति की घोषणा के बाद खाद्य संचालनालय के अफसर सक्रिय हो गए हैं। समिति की पहली बैठक अगले माह के पहले सप्ताह में हो सकती है। उसके पहले प्रदेश की राशन दुकानों में पाई गई कमी और अन्य रिपोर्ट भेजने जिला प्रशासन को लिखा गया है। पूरे मामले में जिस प्रकार से गलत तरीके से कोटा जारी करवाया गया, इसमें संलिप्त अधिकारियों पर जांच शुरू होने के पहले गाज गिर सकती है।

उनका कहना है कि विधानसभा समिति को जांच से भटकाने और खाद्य निरीक्षकों द्वारा हर महीने घोषणापत्र में बचत स्टॉक होने की जानकारी देने के बावजूद संचालनालय के अपर संचालक, संचालक खाद्य को भ्रमित कर कोटा जारी करवाते रहे। 600 करोड़ रुपये का चावल आज भी राशन दुकानों में है, लेकिन निरीक्षकों पर दबाव डाल कर बाजार से बोगस चावल खरीदी करवाया जा रहा है। इसे प्रतिपूर्ति का नाम दिया गया है। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश में केवल राजस्व वसूली का ही विकल्प है। किसी भी राशन दुकानदार से आज तक कोई वसूली नहीं हो पाई है, उल्टा नियम विपरीत राजस्व वसूली के खिलाफ कवर्धा, कांकेर, बस्तर, जशपुर जिले का मामला कोर्ट तक पहुंचा है।

## स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप खिलाड़ियों ने दिखाया दम-खम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग इंडिया छग एसोसिएशन के तत्वावधान में स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम लाखेनगर स्थित ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम में आयोजित था। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ी मास्टर 40 वर्ष से अधिक में 48 किलो में प्रथम शकुंतला सिंह, 53 किलो में संजीदा खातून प्रथम, 57 किलो में कमला देवी मंगतानी प्रथम, 57 किलो से अधिक में गायत्री बोराट प्रथम रहीं। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में 48 किलो में सुचित्रा शर्मा प्रथम, 53 किलो में मुस्कान देवांगन, 58 किलो में सलिता पंडिया, जूनियर वर्ग 48 किलो में सुमन मरकाम प्रथम, 57 किलो में वर्षा चौहान प्रथम, सब जूनियर वर्ग में 48 किलो में जया साहू प्रथम, 53 किलो में निशी, पुरुष वर्ग में मास्टर वर्ग में महेश कुमार आजाद प्रथम, रोहित कुमार चौधरी सहित कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल, आजीवन अध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला साथ में बलदेव एजेंसी के मालिक सुनील सोनू ने किया। इसी दौरान पुरस्कार वितरण प्रोटीन विला के डायरेक्टर दुर्गेश साहू ने किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक लखपति सिंदूर, डीएसएन राव, प्रदीप क्षत्रिय, चंद्रदीप भारती, माताशरण साहू थे।

# रीयल एस्टेट में योजनाओं की रफ्तार धीमी साढ़े पांच माह में 80 का रेरा में पंजीयन

■ बीते साल 137 योजनाएं हुईं थीं लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रीयल एस्टेट में मंदी का दौर चल रहा है। इस साल भी नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। इस साल अब तक साढ़े पांच माह में 80 नई योजनाओं का ही पंजीयन रेरा में हुआ है। वैसे बीते साल भी बहुत मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाएं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय उच्च वर्ग ही रीयल एस्टेट में निवेश कर रहा है।

पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रीयल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रीयल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रीयल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। सालभर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

- बीते साल भी बहुत मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाएं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं
- महंगे घरों पर ज्यादा फोकस इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय उच्च वर्ग ही रीयल एस्टेट में निवेश कर रहा




### 2022 में 273 योजनाओं का रिकॉर्ड

रीयल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना, उनको रेरा में पंजीयन कऽ बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोनाकाल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल जनवरी में 20 योजनाएं लांच हुईं। अगले माह फरवरी में यह रिकॉर्ड टूटा और 23 योजनाएं आईं। मार्च में भी फरवरी का रिकॉर्ड टूटा और 26 योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। इसके बाद अप्रैल में नया रिकॉर्ड बना और 36 योजनाएं पंजीकृत हुईं। मई और जून में 19-19 योजनाएं लांच हुईं। जुलाई में रिकॉर्डतोड़ 44 योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद अगस्त में 18, सितंबर में 21, अक्टूबर में 11, नवंबर में सबसे कम चार और दिसंबर में 28 योजनाएं आईं। कुल मिलाकर इस साल में 273 नई योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद बीते साल 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई और पहली छमाही में 71 और दूसरी में 66 योजनाएं आईं।

### *अब तक 80 योजनाएं*

*नए साल 2024 की पहली छमाही में अब तक 80 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ है। पहले माह जनवरी में महज 8 नई योजनाएं आईं। इसके बाद फरवरी में 18, मार्च में 14 और अप्रैल में 20 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ है। मई में 12 और जून में अब तक 8 नई योजनाएं आई हैं। कुल मिलाकर अब तक 80 नई योजनाएं आई हैं। अब आने वाले समय में योजनाओं की रफ्तार और धीमी पड़ने की संभावना है, क्योंकि अब प्रदेशभर में जमीनों की कीमत 30 फीसदी बढ़ गई है। पिछली सरकार ने जमीनों की कीमत में 30 फीसदी की छूट दी थी, जो अब अप्रैल से समाप्त हो गई है।*

## मोदी की गारंटी पर अमल करने कर्मचारी फेडरेशन ने वित्तमंत्री से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से भेंटकर मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान 4 प्रतिशत डीए देय तिथि से स्वीकृत करने, वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने की मांग की है।

फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने वित्तमंत्री को मध्यप्रदेश की भांति अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिन करने, प्रदेश में चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीलिंग शिथिल करने जैसे ज्वलंत



मुद्दे से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन द्वारा पूर्व में इन मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा गया था। इन मांगों के समर्थन में डॉ. रमन ने मुख्यमंत्री को पत्र भी प्रेषित किया था। फेडरेशन ने वित्तमंत्री के विजन 2047 के तहत मांगे गए सुझाव पर नवा रायपुर में बसाहट के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रियायती दर पर जमीन देने मांगपत्र भी सौंपा।

पेज 11 के शेष...

### मृतक के परिजन...

कही जा सकती है वहीं ग्रामवासियों का कहना है वस्त्र जो ओढ़ाया जाता है वे सिर्फ जलाने फेकने का काम आता है जिसमे सभी की राशि खर्च होता है अगर वही राशि का वस्त्र (पित्ताम्बरी कपड़ा) न ढ़ककर सभी सगे सम्बंधि अतिथि व ग्रामीण थोड़ी भी राशि अगर अपनी स्वेक्षानुसार देते है तो उस दुखी परिवार पर थोड़ा कम भार व कुछ उपयोग में लाया जा सकता है जिसको देखते हुए हम ग्रामीणों द्वारा यह कार्य किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने सुनी...

कराने, ग्राम पंचायत घटौद के ग्रामीणों जंगल से अतिक्रमण हटाने एवं अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की।

इसी प्रकार ग्राम तौरेंगा के मौलीपारा निवासियों ने बिजली कनेक्शन को जतमई फीटर से हटाकर तौरेंगा फीटर में जोड़ने एवं नाली निर्माण कराने, ग्राम गौरघाट के चंदूलाल धुरव ने कृषि कार्य हेतु ऋण दिलाने, मोनिष गोस्वामी ने अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, ग्राम थुहापानी के सुखदेव ध्रुव ने ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति प्रदान करने की फरीयाद की। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### 96 हजार किसानों...

किसान इस वर्चुअल कार्यक्रम में भाग लेकर इसके साक्षी बने। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि आज हम सब के लिए बड़े ही सौभाग्य का क्षण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किसान सम्मान निधि के 17वीं का किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से की गई है। इसके लिए उन्होंने जिले के सभी किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**10 किसानों को पीएम किसान प्रमाण पत्र का वितरण**– उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में यह बड़ा अवसर है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा तीसरी बार सरकार बनते हि उन्होंने सबसे पहले किसानों के हित के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए हस्ताक्षर किया। जिस कारण आज सभी किसानों को इसका लाभ हो रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने 10 किसानों को पीएम किसान प्रमाण पत्र का वितरण, 10 किसानों को रागी मिनी किट वितरण एवं 4 किसानों को धान बीज का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जनपद अध्यक्ष लालीमा ठाकुर, उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, धनमती यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, राजेश साहू, उप संचालक कृषि चंदन राय, सहायक संचालक नरसिंह ध्रुव सहित स्थानीय जनप्रतिधिगण, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और जिले के किसान उपस्थित थे।

## टाइटन टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन कायस्थ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मैच में टाइटन इलेवन रायपुर ने सीएसके बेमेतरा को 8 रनों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले खेलते हुए टाइटन ने अभिजीत की 14 गेंदों पर 34 रन के साथ कुल 114 रन बनाए। रनों का पीछा करते हुए बेमेतरा की टीम ने 106 रन बनाए। टाइटन टीम के प्रवेश ने 3 विकेट लिए, जिन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज टिम्बरलैंड टीम के संकल्प श्रीवास्तव को दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री



बृजमोहन अग्रवाल और विधायक पुरंदर मिश्रा ने पारितोषिक वितरण कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

अंत में आयोजक राहुल श्रीवास्तव और अतुल श्रीवास्तव ने आभार प्रकट किया। बड़ी संख्या में कायस्थजनों ने उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## खबर संक्षेप



### मरार पटेल समाज ने किया सांसद का स्वागत

**महासमुंद**। मरार समाज नांदगांव राज ने जिलाध्यक्ष व पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, राज सचिव सुंदर लाल पटेल व सचिव तामेश्वर पटेल के नेतृत्व में लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रथम लोकसभा मुख्यालय आगमन पर सब्जी से तौलकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान राज के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष योगेश पटेल, प्रचार मंत्री डोमार पटेल, कुश पटेल, महासमुंद राजपंच गोपाल पटेल, रेवा पटेल सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित हुए।

### शहीद स्मारक में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम एवं अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेने वाली रानी लक्ष्मी बाई की पुण्यतिथि पर शहीद स्मारक खरोरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, नारायण चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप से मनाया जाता है।

### पिथौरा में लगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर

**महासमुंद**। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में डॉ पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिक एवं नीलू घृतलहरे डीपीएम एनएचएम और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में फिक्स डे मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 22 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। डॉ बीबी कोसरिया बीएमओ, डॉ चित्रस डडसेना ब्लॉक नोडल, जयकांत विश्वकर्मा बीपीएम समेत स्टाफ का सहयोग रहा। मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लिनिक से मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता रामगोपाल खुंटे व समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

### जमीन विवाद में मारपीट की

**महासमुंद**। ग्राम टेमरी में जमीन विवाद को लेकर चचेरे भाई ने पिटाई कर दी। दयानंद ने बताया कि खेत में मेड़ देने के विवाद में उसका भाई परमानंद सोमवार को उसके घर आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। गुस्से में उसने दयानंद की पत्नी लक्ष्मी को भी डंडे से पीट दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी परमानंद के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया है।

### गड्ढा खोदने से मना करने पर पिटाई

**महासमुंद**। खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोल्दा में घर का पानी निकासी के नाम पर पड़ोसियों में विवाद हो गया। गौटियापारा निवासी धनेश राम साहू ने बताया कि उसके घर से लगी जमीन पर पड़ोसी चुनेश साहू नाली के पानी निकासी के लिए गड्ढा खोद रहा था। मना करने पर चुनेश ने उसके साथ गाली-गलौज कर डंडे से पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पीएम किसान सम्मान निधि से कोई भी पात्र किसान वंचित न हों : योगेश्वर

**महासमुंद**। विधायक कार्यालय में जनदर्शन के दौरान किसानों द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक सिन्हा ने कृषि विभाग के उपसंचालक एफआर कश्यप को तलब कर जानकारी ली। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि पीएम किसान सम्मान निधि से कोई भी पात्र किसान वंचित नहीं होना चाहिए। अधिकारी द्वारा गोलमोल जवाब दिए जाने पर विधायक ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि योजना से कोई भी किसान वंचित न होने पाए।

**महासभा : वन मंत्री केदार ने सिंचाई के लिए दी करोड़ों की सौगात, समाज के लिए 50 लाख के भवन की घोषणा**

# आदिवासी परंपरा समृद्ध और जड़ से जुड़ा है जल, जंगल, जमीन व संस्कृति : मंत्री कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम भेण्डरी में ध्रुव आदिवासी गोंड समाज की जिला स्तरीय वार्षिक महासभा का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि वन एंव जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप थे। अध्यक्षता पूरन सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज, अतिविशिष्ट अतिथि रोहित साहू विधायक विधानसमा क्षेत्र राजिम, जनकराम ध्रुव विधायक विधानसमा क्षेत्र बिन्दानवागढ़,

विकास मरकाम अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा पन्नालाल ध्रुव प्रांताध्यक्ष आदिवासी ध्रुवसमाज, केसरी ध्रुव जी जिला पंचायत सदस्य, मधूबाला रात्रे जिला पंचायत सदस्य थे। मंत्री ने सबसे पहले आदिवासी भवन में पौधारोपण कर वृक्ष मित्र योजना की शुरुआत की। सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर गोंड समाज ने आदिवासी संस्कृतिक परम्परागत स्वागत करते मुख्य मंच तक ले गए। वहां अतिथिगणों का पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। वन एंव जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के जिला स्तरीय महासभा को सम्बोधित करते कहा कि आदिवासी संस्कृति परंपरा बहुल समृद्ध समाज है और दुनिया को दिशा दिखाने वाला समाज है। हमारे आदिवासी वनवासी भाई से सीख मिलती है की जल, जंगल व जमीन की संरक्षण और बचाव कैसे करना है। वो शहर वाले इनसे सिखे।





### 1 हजार परिवारों किए जायेंगे पौधे वितरित

पौधारोपण ऐसे संकल्प ले कर करे कि बड़े होते जिवित रहे। उनके लिए जो पोषण की आवश्यकता है पूरा किया जाना चाहिए। पौधों की कमी के कारण आक्सीजन जोन की कमी महसूस होती है। इसकी चिंता हमें करनी चाहिए। प्रत्येक परिवार को पौधा लगाना है और संरक्षित भी करना है। यहां 1 हजार परिवारों की किसान वृक्ष मित्र के तहत पौधे वितरण किये जायेगें। उसे कम से कम 3 साल रखे उसका पैसा भी मिलेगें। सरकार जंगल बचाने अनेक उपाय कर रहे हैं। मंत्री जी को ढेरों आवेदन प्राप्त हुए। कहां आवेदन का निरकरण कर आपके पंचायत तक संतोष जनक पत्र मिलेगा। वहीं विधायक रोहित साहू द्वारा सिचाई सबंधित मांग पर कहा इसमें जो बाध्यता है उसे हटा कर जल्द स्वीकृति दे दी जायेंगी। ध्रुव समाज के लिए फिगेंश्वर में सुविधायुक्त 50 लाख के भवन स्वीकृत किये जायेगे।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए डाले गए खाता में 42 करोड़ रुपए

विधायक राजिम रोहित साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज के रिती-रिवाज परम्परागत संस्कृति कैसे सहज कर रखे इस पर गहन विचार करना है। और ये चिंता ध्रुव गोंड समाज में देखने को मिलता है जो अपनी परम्परा को सहेज कर रखे हैं। हर विकट परिस्थिति में यह समाज भाई चारा की भावना को बढ़ाता है। सरकार की उपलब्धि गिनाते कहा कि गरियाबंद जिला में तेंदूपत्ता के लिए 42 करोड़, वनोपज संग्राहक को 472 करोड़ की राशि खाता में डाले गए है। 10 लाख पौधारोपण गरियाबंद जिला में किया गया। विधायक रोहित साहू ने अपनी मांग को मंत्री को ध्यान आकृष्ट कराते कहा कि किसान भाईयो की हित के लिए प्रमुख मांग मे कहा कि आमानारा जलाशय के लिए आपके आशीर्वाद से बजट में 750 करोड़ रूपए अननुमोदन कराये है, साथ - साथ कोटरी नाला जलाशय 1480 लाख रुपये का स्वीकृति, सुखानदी में 18 गांव के लिए बैराज निर्माण, जामगांव मे सिंचाई के लिए नहर निर्माण की महत्त्वपूर्ण मांग रखा गया। मंत्री केदार कश्यप ने विधायक की सभी मांग को पूरा कराने की घोषणा किया। वहीं महिला समूह भवन मांग को विधायक ने देने की घोषणा की।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी

**पीएम किसान सम्मान निधि वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए लोग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत सभागार में मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निंधी की 17 वीं किस्त ट्रांसफर किया गया। इस वर्चुअल कार्यक्रम में मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम, मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंजली खलखों, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, महेश कश्यप, वरिष्ठ कृशि अधिकारी भावेश शाडिल्य विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान देशभर के करोडों किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणासी में आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त जारी किया। इस कार्यक्रम का वर्चुअल देखने के लिए मैनपुर जनपद पंचायत में कृशि विभाग द्वारा विशेष तैयारी किया गया था मैनपुर वरिष्ठ कृशि अधिकारी भावेश शाडिल्य ने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड में 24297 किसानों को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से पवन पटेल, थानु पटेल, रामदास वैष्णव, दुष्यंत पटेल, केशव पटेल, सुकराम निर्मलकर, गोपाल निर्मलकर, नरेन्द्र साहू, कुमारी पटेल, पदमा धुरव, चन्द्रकला नेताम, गौरी पटेल, ओम बाई साहू, रूखमणी साहू, पे्रम पटेल, सुन्दर निर्मलकर, बालाराम निर्मलकर, रामसुक पटेल, किर्तन, शशिकांत पटेल, नंदलाल देव, मनेन्द्र कुटारे, चैतराम यादव सहित बडी संख्या में किसान एंव स्थानीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सीएम विष्णुदेव साय को धनेंद्र साहू ने लिखा पत्र

**नवापारा-राजिम**। पीसीसी के पूर्व चीफ धनेन्द्र साहू ने पारागांव रेत खदान में घोंट के युवक राजेश यादव की मौत को लेकर सीएम विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। सीएम को भेजे पत्र में कहा गया है कि पारागांव की रेत खदान अवैध रूप से संचालित था। उक्त रेत खदान में घोंट निवासी राजेश यादव उम्र 26 वर्ष की हत्या हो गई और राजेश यादव के घरवालों को सूचना दिये बिना ही अपराधियों के द्वारा उसके मृत शरीर को नवापारा शासकीय अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए। श्री साहू ने अपने पत्र में कहा है कि नवापारा पुलिस द्वारा मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया। साहू ने बताया कि राजेश यादव के परिवार वालों ने उन्हें इस घटना को हत्या करार देते हुए अपराधियों के ऊपर कठोर कार्यवाही करने का आवेदन दिया है। इस आवेदन के आधार पर उन्होने सीएम को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग किया है। इस घटना को लेकर एसएसपी रायपुर ने नवापारा टीआई को लाइन अटैच किया है। श्री साहू ने अपने पत्र में 6 व्यक्तियों का नामजद शिकायत किया है। जिनके ऊपर धारा 304 ए , 34 , 379, 21(1), का मामला दर्ज होना बताया है। जबकि राजेश यादव के परिवार वालो की मांग एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या की धारा लगाकर घटना की जांच जिसमें फारेंसिक जॉच भी कराई जानी चाहिए जिससे साबित हो सके कि राजेश यादव की मृत्यु दुर्घटना से हुई है या उनकी हत्या की गई है। बताया कि राजेश यादव अत्यंत ही गरीब परिवार का एकमात्र कमाऊ व्यक्ति था जिसके सहारे उनका घर परिवार चलता था। उनकी मृत्यु से उसका परिवार पूरी तरह से असहाय हो गया है। इस घटना की सम्पूर्ण एवं निष्पक्ष जांच उच्चस्तरीय अधिकारियों से कराई जाकर अपराधियों के ऊपर हत्या का अपराध की धारा लगाए जाने व 20 लाख रुपए की सहायता राशि अतिशीघ्र प्रदान किये जाने की मांग किया है।



## खेल स्पर्धा जंगल को बचाने मील का पत्थर साबित होगी : गोवर्धन

**उदंती रिजर्व में क्रिकेट स्पर्धा के पुरस्कार वितरण में पहुंचे गोवर्धन मांझी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



वन विभाग द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए और लोगों में जागरूकता लाने के लिए दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में हजारों ग्रामीण शामिल हुए। निश्चित रूप से यह क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से जन जागरूकता लाने के साथ ही जंगल को बचाने के लिए यह मील का पत्थर साबित होगा उक्त बाते पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचे पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने अपने संबोधन में कही। ज्ञात हो कि सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, विश्वेश कुमार झा मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर, वरुण जैन, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के नेतृत्व में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले 14 गांव और विभाग से 03 टीम ने सेन्चुरी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2024 दिनांक 15 एवं 16 जून 2024 में भाग लिया। दिनांक 15 जून 2024 को इंदागांव और कोयबा के मध्य प्रथम मैच हुआ। इस सेन्चुरी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन संजय नेताम उपाध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद के द्वारा किया गया और उद्बोधन मे सभी टीमों को खेल भावना से खेलने का उत्साहवर्धन किया गया और ग्रामीणों को वनों एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा करने का संदेश दिया गया। सेन्चुरी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2024 के समापन पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी एंव श्रीमति बेलमती मांझी सरपंच ग्राम पंचायत कोयबा, दीपक मंडावी जनपद सदस्य क्षेत्र कोयबा, पुस्तम कपिल पूर्व जनपद अध्यक्ष मैनपुर, पुस्तम नेताम अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति कोयबा, रुपसिंग मरकाम पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत साहेबिनकछार, अर्जुन नायक ग्राम नागेश और ग्राम कोयबा, बम्हनीझोला, इंदागांव एवं आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उद्बोधन के पश्चात विजेता टीम फारेस्ट इलेवन को मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी के हाथो ट्रॉफी एवं दस हजार रुपये नगद की राशि और उप विजेता टीम बम्हनीझोला को ट्रॉफी एवं सात हजार रुपये नगद राशि प्रदाय किया गया। इसी तरह फाईनल मैच का मैन ऑफ द मैच सूर्य प्रताप सिंह ठाकुर और सेन्चुरी ट्रॉफी का मैन ऑफ द सीरिज चुरामन घृतलहरे रहे। सेन्चुरी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2024 के सफल आयोजन में उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों और वन प्रबंधन समिति कोयबा के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय राज्य मंत्री का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का भव्य स्वागत भाजपा मंडल नवापारा के अध्यक्ष उमेश यादव के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में किया गया। स्वागत करने वालो में किसान नेता चंद्रिका साहू, परदेसी राम साहू, मुकुंद मेश्राम, मनीष देवांगन, सौरभ जैन, धीरज साहू, हितेश मंडई,उत्पल साहू,संजय टिंकू सोनी, किशन साहू, भूपेंद्र सोनी,पंकज देवांगन,अन्नपूर्णा देवांगन, शशि ठाकुर, नीता धीवर, साधना सौरज, धनमती साहू, मनीषा साखरे, प्रभा बांसवार सहित अनेको भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।



### केश्वरी को मिली बैटरी चलित ट्राईसिकल

**फिंगेश्वर**। 18 जून को राजिम विधायक रोहित साहू के अनुशंसा से ग्राम सिर्रीकला के कुमारी केश्वरी साहू पिता केजूराम साहू को बैटरी चलित ट्राईसिकल समाज कल्याण विभाग योजना से जनपद पंचायत फिंगेश्वर के माध्यम से प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायतो के सरपंचगण, सचिव एवं जनपद पंचायत के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।



**कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों समीक्षा की**

# लंबित प्रकरणों का अधिकारी गंभीरता से निराकरण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय क़े सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा क़ी बैठक लेकर विभागीय कार्यों क़ी समीक्षा क़ी। उन्होंने कहा कि समय-सीमा के लंबित प्रकरणों को अधिकारी गंभीरतापूर्वक शत प्रतिशत निराकरण करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न करे। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव से पूर्व सभी स्कूलों का निरीक्षण कर साफ-सफाई सहित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा ले। संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों में जाकर स्वयं निरीक्षण करें। कलेक्टर ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित कार्यो को प्राथमिकता के साथ करे। उन्होंने शिविर लगाकर छुटे हुए हितग्राही का आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बनाये। एसडीएम इसकी जानकारी लेते रहे और इन पर प्रगति लाये। पीएमश्री स्कूल के कराये जा रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यो को स्कूल खुलने से पहले पूरा कराये। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों पर जो भी निर्माण एवं मरम्मत के कार्य हुए है उनका थर्ड पार्टी से निरीक्षण कराने के उपरांत सही पाये जाने पर ही राशि का भुगतान किया जायेगा। जिला चिकित्सालय में निरीक्षण के लिए लगाये गये नोडल अधिकारी समय-समय पर जाकर मरीजों को मिलने वाली उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ले साथ ही चिकित्सक समय पर उपस्थित है या नहीं, इनकी भी जानकारी ले। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग के अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारी नियत समय पर कार्यालय पर उपस्थित रहे। कलेक्टर ने किसानों के लिए सभी पर्याप्त खाद-बीज के भण्डारण और वितरण की जानकारी ली। इस पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विगत वर्षो की अपेक्षा अभी तक किसानों ने पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज का उठाव कर लिया है। समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भण्डारण किया गया है।



### आश्रम व छात्रावास का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें

उन्होंने कहा कि जिला अधिकारी आश्रम-छात्रावास का सतत निरीक्षण का प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत करें। श्री अग्रवाल ने सभी विभागीय अधिकारियों को कहा है कि विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के नियुक्ति की कार्यवाही करें। विभिन्न कार्यालयों में अनाधिकृत रूप से लम्बे समय से अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, राकेश गोलछा, श्री पंकज डाहिरे, सहित जिला अधिकारी मौजूद थे।



### गुमशुदा

नाम छबीराम साहू उम्र लगभग 42 वर्ष पिता फिरंता राम साहू ग्राम वार्ड दर्रीपार फिंगेश्वर जिला गरियाबंद छ.ग. का निवासी है, दिनांक 11/06/2024 दिन मंगलवार को नीला कपड़ा काला पेंट पहनकर घर से निकला है दाढ़ी बढ़ा हुआ है, इनका दिमागी हालत ठीक नहीं रहता है। दाँत कटकटाता और हाथ घुमाते रहता है। घर वाले बहुत परेशान है सभी बहुत ढूंढ रहे हैं, जिस किसी सज्जन को यह आदमी दिखे तो कृपया इस नंबर पर सूचित करें। **सूचना देने वाले को 5000/-(पाँच हजार) का नगद ईनाम दिया जायेगा।**

**फिरंता (पिता)- 9399612952**
**अजय (भाई) - 96917 58040**
**सोनू (पुत्र) - 83197 58129**
**रूपेश (साला) - 7697554200**


## खबर संक्षेप



### करकरा में गंगा दशहरा व गायत्री जयंती मनाई गई

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम करकरा में विगत रविवार को गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती पर प्रज्ञा मंदिर में 12 घंटे का अखंड गायत्री जप एवं एक कुंडीय गायत्री यज्ञ हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाम को गंगा मैया एवं गायत्री माता की आरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस पर्व में मुख्य रूप से दादूराम यादव, परमेश्वर पटेल, सुखीराम साहू, शिक्षक भावसिंग पटेल, महेन्द्र पटेल, पवन पटेल, नोहर साहू, लिकम पटेल, पूनम साहू, बेलमती पटेल, कुमारी बाई यादव, रेखा पटेल, भुनेश्वरी साहू, सुखबती साहू सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए।

### शीतला तालाब में गंगा आरती



**मुड़ागांव(कोरासी)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के निर्देशानुसार रविवार को गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के इस पावन पर्व पर शाम 6 बजे समस्त ग्रामवासी के द्वारा शीतला तालाब में गंगा आरती का कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हुआ। जिसमे प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत के सरपंच प्यारे सिंह, भूत पूर्व सरपंच मखियारिन दीवान, ग्राम पटेल पीलू राम यादव, राम अवतार यादव, उमेंद सिंह दीवान, नन्द कुमार सिन्हा, ग्राम बैगा पोषु राम दीवान, पंचूराम दीवान, शारदा दीवान, मंजू देवी यादव, मनीषा देवी यादव, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश के लिए 25 जून तक खुला पोर्टल तीन चरणों में होगी प्रक्रिया

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. अनुसुइया अग्रवाल ने बताया कि राज्य शासन उच्च शिक्षा विभाग नवा रायपुर के आदेश के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रणाली में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल 17 जून से 25 जून तक खोला गया है। महाविद्यालयों को उनके लिए आवेदित छात्र-छात्राओं की सूची प्रदान की जाएगी। प्राप्त छात्र-छात्राओं का गुणात्मक क्रम में मेरिट सूची तैयार कर छग शासन द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ऑनलाइन प्रवेश के लिए तिथि की जारी की गई है। प्रथम चरण में प्रवेश के लिए महाविद्यालय को सूची प्रदान करने की तिथि 25 जून, महाविद्यालयों द्वारा विषय मेरिट सूची जारी 26 जून, प्रवेश लेने की तिथि 26 जून 2024 से 08 अगस्त तक है। इसी तरह द्वितीय चरण में 8 जुलाई, विषय मेरिट सूची जारी 9 जुलाई, प्रवेश लेने की तिथि 9 जुलाई से 18 जुलाई एवं तृतीय चरण में सूची प्रदान 18 जुलाई, मेरिट सूची जारी 19 जुलाई एवं महाविद्यालय में प्रवेश लेने की तिथि 19 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक निर्धारित की गई है।

### महाविद्यालय में इस सत्र से एमएससी एवं अंग्रेजी की कक्षाएं प्रारंभ

**बसना।** शासकीय महाविद्यालय बसना में सत्र 2024-25 से दो नवीन संकाय क्रमशः एमएससी जंतु विज्ञान एवं बीए में अंग्रेजी साहित्य प्रारंभ होगा। क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के विशेष मांग एवं छात्र हित को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा एमएससी जंतु विज्ञान एवं बीए में अंग्रेजी साहित्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा पीजीडीसीए में 30 सीट वृद्धि कर कुल 60 सीट निर्धारित किया गया है। इस प्रकार से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को इससे लाभ प्राप्त होगा और उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए शहर की ओर या ज्यादा खर्च करना नहीं पड़ेगा। कॉलेज में कक्षाएं प्रारंभ कराने में क्षेत्रीय विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने विशेष प्रयास रहा।

# लक्ष्य निर्धारित कर बाधाओं से लड़ने पर मिलती है सफलता : केके रावत

## कलार समाज द्वारा कैरियर निर्माण को लेकर बच्चों को दिए गए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर द्वारा सामाजिक भवन फिंगेश्वर में 10वीं एवं 12वीं के उत्तीर्ण बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन के लिए सोमवार को कैरियर गाइडेंस का आयोजन किया गया। जिसमें कैरियर बनाने के लिए छात्राओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिये गये। कार्यक्रम में कैरियर काउंसलर के रूप में कुमारी गीतांजलि सिन्हा एवं के रावत को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया। उन्होंने सभी बच्चों के करियर संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया। केके रावत सर ने बताया कि हायर सेकेंडरी में बायोलॉजी ग्रुप के छात्र अपना करियर डॉक्टर, पैथोलॉजिस्ट, टीचर, फार्मासिस्ट के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। मैथ्स ग्रुप के छात्र इंजीनियरिंग में अपना करियर बना सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा की अपना जीवन के लक्ष्य निर्धारित कर बाधाओं से लड़कर आगे बढ़े तो सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। कुमारी गीतांजलि सिन्हा मार्गदर्शक ने बताया की 10वीं के छात्र एग्री कल्चर पॉलिटेक्निक कंप्यूटर के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास होना ही अंतिम विकल्प नहीं है। जो औसत नंबर से भी उत्तीर्ण हुए हैं वह भी अपना करियर को सफलता की ऊंची पायदान पर कड़ी मेहनत से पहुंचा सकते हैं। कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर के कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा ने कहा कि इस संसार में कोई भी चीज असंभव नहीं है। बस जरूरत है शुरुआत करने की।



### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

कलार समाज के सचिव राजकुमार सिन्हा, कलार समाज के मंडलेश्वर ओम प्रकाश सिन्हा ने भी सफलता के आयाम बताया। कैरियर गाइडेंस मार्गदर्शन कार्यक्रम के संयोजक सुश्री धनेश्वरी सिन्हा महिला मंच अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मार्गदर्शन प्रशिक्षण में नागेश कुमार सिन्हा, सोमेश सिन्हा, सोनाली सिन्हा, ललित सिन्हा, उज्जवल सिन्हा, लोकेश, गौरव लेख राम, शेखर सिन्हा साथ में उनके पालक लालजी सिन्हा, भोज सिन्हा, सुरेश सिन्हा के साथ बड़ी संख्या में बच्चे, पालक एवं मार्गदर्शक में फिंगेश्वर परिक्षेत्र के मंडलेश्वर ओम प्रकाश सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा, खोमन लाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य हुकुम लाल सिन्हा, दुर्गा प्रसाद सिन्हा, राजेश सिन्हा, चेतन सिन्हा, शिवराम सिन्हा, नारद सिन्हा, लीला राम सिन्हा, खेलन सिन्हा, पुरुषोत्तम सिन्हा, ललित कुमार सिन्हा, पन्ना सिन्हा, पूर्णिमा सिन्हा, धनेश्वरी सिन्हा सहित अंचल के विभिन्न ग्रामों के पदाधिकारी शामिल हुए।

## उपलब्धि : जिले के मैनपुर ब्लॉक में 6 मकान बनकर तैयार, बारिश से पहले 50 प्रतिशत होंगे पूर्ण


# जनमन योजना के तहत मैनपुर ब्लॉक में नए मकान पाकर खिले ग्रामीणों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्रामीणों को पीएम आवास का दिया जा रहा है लाभ

महल हो या झोपड़ी अपना घर अपना होता है हर व्यक्ति का एक सपना होता है कि सर पर छत के लिए उसका एक खुद का पक्का घर हो और केंद्र के नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत खासकर विशेष पिछड़ी जनजाति आदिवासी कमार ग्रामीणों को पीएम जनमन योजना के तहत पक्का आवास निर्माण के लिए करोड़ों रूपये की बजट जारी किया गया है, गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में विशेष पिछडी कमार जनजाति के मकान बनाने के सपने अब पूर्ण होने लगे है, मैनपुर क्षेत्र में 06 ग्रामीणों का मकान पूरी तरह बनकर तैयार हो चुका है और मकान बनने से ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिले उठे है, तहसील मुख्यालय मैनपुर से 08 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत तुहामेंटा में ईतवारीन बाई पति राजाराम कमार, चंदेनी बाई पति रामनाथ कमार, सोमारी बाई पति श्रवण ये तीनों परिवार को पक्का मकान मिल चुका है इन ग्रामीणों के चेहरे में खुशी देखते ही बन रही है, वहीं मैनपुर से 07 किलोमीटर दूर ग्राम बेहराडीह में सोमेन्द्री बाई पति सुखचन्द्र कमार का भी मकान बनकर तैयार हो गया है जिससे उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए सोमेन्द्री बाई, एवं उसके पति सुखचन्द्र कमार ने बताया कि उनके पास मकान नही था और झोपडी में निवास करते थे बारिश के दिनो में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, हमेंशा जहरीले सर्प, बिच्छु जीव जन्तुओं का डर बना रहता था उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 02 लाख रूपये आवास निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ और उन्होने दो माह के भीतर अपना मकान बनाकर तैयार कर चुके और अब इस पक्के मकान में निवास कर रहे है, ग्रामीण परिवार ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिए।

### कलेक्टर ने निर्माण कार्य पर तेजी लाने का दे रहे हैं निर्देश



गरियाबंद जिला के कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा लगातार जिला स्तरीय बैठक से लेकर गांव-गांव में पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यो का स्वंय जायजा ले रहे हैं और इस निर्माण कार्य में गति लाने के साथ जल्द से जल्द निर्माण कार्य तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य को करने निर्देश दे रहे हैं कलेक्टर के निर्देश के चलते निर्माण कार्य में

### मैनपुर ब्लॉक में 978 परिवारों के लिए मकान स्वीकृत

जनपद पंचायत मैनपुर से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत मैनपुर विकासखण्ड में जनवरी 2024 में विशेष पिछडी कमार जनजाति परिवारों के लिए 978 मकान स्वीकृत हुए है प्रति मकान की लागत 02 लाख रूपये है और लगभग 443 मकान निर्माण कार्य तेजी गति से निर्माण कार्य चल रहा है जिसके कारण आगामी जुलाई बारिश से पहले यह मकान कार्य पूर्ण होने की संभावना है शासन द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय किस्त जारी किया जा चुका है।

### पहाड़ी ग्रामों में निर्माण कार्य धीमा

जिले में मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में सबसे ज्यादा विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवार निवास करते हैं जिसमें ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के पहाड़ी ग्रामों के ऊपर 286 परिवार निवास करते है यहां निर्माण कार्य की गति धीमी है जिसके पिछे मुख्य कारण वहां तक सामग्री को ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष पिछड़ी कमार जनजाति परिवारों को प्रधानमंत्री मोदी एवं विष्णुदेव सरकार ने एक बड़ी सौगात दिया है।

### जिले में 2295 आवास स्वीकृत

प्रधानमंत्री आवास के जिला समन्वयक विजय कुमार साहू ने बताया कि जिले में पीएम जनमन योजना के 2295 आवास स्वीकृत हुए है, जिसमें मैनपुर ब्लॉक में 978 आवास स्वीकृत किये गये हैं। निर्माण कार्य तेज गति से किया जा रहा है एक साथ भारी संख्या में आवास स्वीकृत होने के कारण कार्य करने वाले मिस्त्री और अन्य दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन बारिश से पूर्व ज्यादा से ज्यादा मकान निर्माण कार्य पूर्ण हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

### कार्य पूरा कराने विभागीय अमला पहुंच रहा गांव

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंजली खलखों ने बताया कि पीएम जनमन आवास निर्माण के लिए लगातार लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है जल्द से कार्य पूरा हो इसके लिए विभाग के अमला गांव- गांव तक पहुंच रहे है।

## सिंचाई की मांग को लेकर विधायक ने मंत्री केदार को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

आदिवासी समाज के सम्मेलन में फिंगेश्वर क्षेत्र के ग्राम भेंडरी पहुंचे प्रदेश के जलसंसाधन मंत्री केदार कश्यप को राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र की प्रमुख सिंचाई परियोजना कोटरी नाला जलाशय, आमानाला जलाशय तथा फिंगेश्वर क्षेत्र की 18 ग्रामों की निस्तारी व सिंचाई के लिए सूखा नदी में बैराज निर्माण से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री केदार कश्यप ने उपरोक्त सभी सिंचाई परियोजनाओं का संबंधित विभाग से त्वरित परीक्षण कराकर सभी परियोजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया। विदित हो कि कोटरी नाला जलाशय में शीर्ष कार्य मरम्मत एवं नहर उद्वहन कर सीमेंट काँक्रिटिकरण कार्य, आमानाला जलाशय में शीर्ष कार्य मरम्मत एवं नहर उद्वहन कर सीमेंट कांक्रिटिकरण कार्य तथा फिंगेश्वर क्षेत्र की 18 ग्रामों की सिंचाई व पेयजल निस्तारी के लिए सूखा नदी पर बैराज निर्माण के लिए करोड़ों रूपये की लागत का प्राक्कलन तैयार किया गया था लेकिन अभी तक समस्याएं यथावत बनी हुई है। इन समस्याओं पर क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू ने तत्परता दिखाते हुए प्रदेश के जलसंसाधन मंत्री केदार कश्यप के दौरे के दौरान उन्हें मांगपत्र सौंपकर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का निवेदन किया जिस पर मंत्री ने त्वरित कार्यवाही का भरोसा दिलाया।



## झरझर डायवर्सन बांध पर बनी नहर, किसानों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

किसान खेती के लिये वर्षा के जल पर ही निर्भर रहते हैं। सिंचाई के पर्याप्त संसाधनों के अभाव के कारण रसेला क्षेत्र के किसानों को खेती करने में विभिन्न प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर करोड़ों रुपए से बनी झरझर डवर्सन बांध का पानी नहर नाली में 2 वर्ष हो रहा है अभी तक एक बूद पानी नहीं आया है। धरातल पर क्रियान्वन लापवाही के चलते ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है, ज्ञात हो कि इस नहर नाली से झरझरपारा, मेडकीडबरी, रसेला के किसानों को पानी मिलना है, मगर दो वर्ष होने जा रहा है, किसानों के खेतों में एक बूद भी पानी नहर नाली नहीं पाया हैं। आलम यह हैं कि विभाग और ठेकेदारी के चलते अनियमितता की भेंट चढ गई, झरझरा डवर्सन से जुड़ने के बाद गावों के दर्जनों किसानों को इसका लाभ पहुंचता और क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था थोड़ी सुदृढ हो जाती, पर नहर नाली बनाये गये अपना हाल स्वम बयान कर रहे है। रसेला के उपसरपंच परमेश्वर यादव किसान अशोक सेन, पुनित निषाद, भुवन ध्रुव, टेसराम ठाकुर आदि ने कहा की नहर नाली का सुध लेने वाला विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नजर नहीं आता है। यदि जांच की जाए तो बांध से लेकर नहर नाली में हुए निर्माण कार्य उजागर हो सकता हैं।



# पटेवा में रामचरितमानस व्याख्यान प्रशिक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पटेवा में श्री रामचरितमानस व्याख्यान प्रशिक्षण शिविर के आयोजन में प्रशिक्षकों द्वारा श्री रामचरितमानस के द्वितीय सोपान अयोध्या कांड के विभिन्न प्रसंगों पर मानस व्याख्यान से संदर्भित सूक्ष्म तथ्यों सहित ,व्याख्या शैली, रोचक प्रसंग एवं उनकी भूमिका, दृष्टांत सिद्धांत, समय निर्धारण सहित विभिन्न विधाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान रामचंद्र के पूजन व दीप प्रज्वलित कर हनुमान चालीसा का पठन एवं रामायण की आरती से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजू पाल सरपंच प्रतिनिधि, नारायण साहू, रेखराम साहू, श्यामलाल साहू व प्रशिक्षक शत्रुध्न सिन्हा, श्यामलाल तारक, पूरन वर्मा, नूतन साहू, हेमलाल साहू, श्रीराम यादव मौजूद थे। प्रशिक्षकों ने रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों पर प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उत्कृष्ट व्याख्यान के लिए आवश्यक जानकारी के साथ उन्हें प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पटेश्वर मानस मंडली पटेवा के संचालक विजय पटेश्वर, घनश्याम साहू, जोगी साहू, खिलावन साहू का विशेष योगदान रहा। वहीं पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में 100 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह श्रीफल एवं गमछा भेंट कर कर सम्मानित किया गया। सरपंच भेनूमति-राजू पाल ने कहा कि श्री रामचरितमानस हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। इस प्रकार का आयोजन सदैव होते रहना चाहिए क्योंकि रामचरितमानस जीवन के नैतिक मूल्य को जगाने वाला एक महाकाव्य है। अध्यक्ष श्यामलाल साहू ने कहा कि रामचरितमानस हमें निज धर्म पर व अच्छा आचरण करना सिखाती है। परिवार में परस्पर प्रेम, सम्मान व विश्वास की भावना होनी चाहिए।

### मरार पटेल समाज कार्यकारणी का गठन


**नवापारा-राजिम।** मरार पटेल समाज के महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रानी पटेल ने कार्यकारिणी का गठन कर प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल को सूची सौंपी। श्रीमती पटेल ने अपने समाज के नवनियुक्त मातृशक्ति पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि निसंदेह मात्र शक्तियों की सहभागिता से समाज का विकास होगा। रूढ़िवादिता को समाप्त कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर होंगे। समाज के महिला पदाधिकारियो को प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, लिलार सिंह पटेल, खेलुराम पटेल, सियाराम पटेल , कुबेर पटेल, लता पटेल, छबि पटेल, कोमल पटेल, राजेंद्र नायक पटेल, कुमार पटेल ने बधाई दी है।



## शाला के प्रांगण में योग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दसवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को गरिमामय रुप में मनाने की तैयारी जनपद पंचायत, पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा किया जा रहा है। शासकीय आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला के प्रांगण में प्रातः 5:30 बजे से योग प्रारंभ होगा। कलेक्टर कार्यालय समाज कल्याण विभाग द्वारा निर्देशित पत्र के माध्यम से जनपद क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में आयोजन कराने पत्र प्रेषित किया गया है साथ ही सभी विभाग प्रमुखों को विकासखंड स्तरीय योग आयोजन में अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पत्र प्रेषित कर दिया गया है, नगरीय निकाय के सभी स्कूलों महाविद्यालय के विद्यार्थी, अध्यापक, स्काउट गाइड, एनएसएस रेडक्रास के सदस्यों खिलाड़ियों व्यापारियों जनप्रतिनिधि समाजसेवी अधिकारी कर्मचारी को शामिल कराने पर बल दिया जा रहा है। भारोत्तोलन संघ के जिला अध्यक्ष यशवंत यादव ने अपील की है कि अधिक से अधिक योग दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित हो एवं उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में योग को स्वीकार किया है और यह शारीरिक के साथ-साथ मानसिक के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है, आज हम जिस क्षेत्र में काम करें, हम अपने क्षेत्र के उच्च शिखर पर बैठे हुए से चर्चा करने पर स्वीकार किया है कि दिन का शुभारंभ योग के साथ होता है और वही ऊर्जा उन्हें दिनभर कार्य करने के शक्ति देता है और वह मानसिक ऊर्जा के लिए जीवन में योग जरूरी है।




## बम्हनी में भीमसेनी एकादशी पर मेला का आयोजन

# विष्णु की पूजा करने से मिलती है समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत कोसमी के आश्रित ग्राम बम्हनी में 17 जून को भीमसेनी एकादशी के पावन पर्व पर मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, अध्यक्षता छुरा भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलु राम यादव, विशेष अतिथि के रूप में मंच पर असीन केशरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, तोकेश्वरी माझी जनपद अध्यक्ष छुरा, संतराम नेताम जनपद सदस्य, लेखराम ध्रुवा सरपंच नवापारा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विष्णु की पूजा- अर्चना एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सभी अतिथियों का पीला चावल से स्वागत किया गया। उपसरपंच भानुप्रताप ने बताया की ग्राम बम्हनी में भीमसेनी एकादशी मेला 2001 से शुरुआत की गई थी आज 24 साल होने जा रहा है। यहां पर मेला का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मनाया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश साहू ने कहा की इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में सुख समृद्धि आती है। निर्जला एकादशी को पाडव और भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता हैं, साल की सभी एकादशी में से निर्जला एकादशी सबसे खास होती हैं। पीलू राम यादव ने कहा कि मनुष्य के जीवन में अहंकार नहीं होना चाहिए। अंहकार के कारण मनुष्य एक दूसरे को पहचानना भुल जाता हैं। केशरी ध्रुव ने कहा की जीवन एवं संस्कार को प्रदर्शित करते हुए जन कल्याण की भावना को लेकर मनुष्य का मार्ग प्रस्त करती है। इसी कडी में जनपद अध्यक्ष तोकेश्ररी माझी सभा को संबोधित करते हुए कहा की ऐसी कार्यक्रम होने से एक दूसरे मेलमिलाप भाईचारा हमेशा बना रहती हैं। रात्रिकालीन लोककला मच संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों ने मेला का लुप्त उठाया। इस मौके पर पंचराम ठाकुर, प्रीतराम ठाकुर, टीकम साहू, रीशी कुमार साहू, पतिराम विश्वकर्मा, साखा राम ध्रुवा, सुकालू राम ठाकुर, हुकुम लाल ओटी, पासा राम ध्रुवा, भोज बांई जगत, गोमती बाई, सुन्दर बाई, संतराम मरकाम, सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। मच संचालन लुकेश ठाकुर के की।





